रख भरोसा श्याम धनि का

रख भरोसा श्याम धनि का काम तेरे ये आएगा,
मतलब का बेदर्द जमाना काम तेरे क्या आएगा,

दुःख के दिन में क्या गभराना,
सुख के दिन भी आयेगे,
श्याम शरण में आजा बन्दे भाग्य तेरे जग जाए गे,
कल की चिंता छोड़ भजन कर काम तेरा पट जाए गा,
मतलब का बेदर्द जमाना.....

जिन्हें भरोसा जग वालो पर चिंता वाही करते है,
देख भरोसा रख कर इन पर चिंता खुद ये हरते है,
सोंप दे पहरेदारी प्रभु को चैन बहुत पाए गा,
मतलब का बेदर्द जमाना.....

सेठो का तो सेठ संवारा राजाओ का रजा है,
इनसे रोशन ये जग सारा इनसे गाजा बाजा है,
दास सुरेश श्याम गुण गाले बेठा मौज उडाये जा,
मतलब का बेदर्द जमाना.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3709/title/rakh-bharosa-shyamdhani-kaa-kaam-tere-ye-aayega-matlab-ka-bedard-jamana-kaam-tere-kya-aayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |